Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to provide Metro rail service in Sambhajinagar in Aurangabad Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री चंद्रकांत खैरे (औरंगाबाद): मैं आज मेरे संसदीय क्षेत्र और जिला संभाजीनगर (औरंगाबाद-महाराष्ट्र) में मेट्रो रेल की सेवा शुरू करने की मांग करता हूं।

संभाजीनगर (औरंगाबाद-महाराष्ट्र) सबसे तेजी से विकास करने वाल शहर है। दिल्ली-मुम्बई इंडस्ट्रीयल कोरीडोर (डी. एम. आई. सी.) के आने के बाद इस शहर की स्थिति काफी बदल गई है। इसके साथ-साथ संभाजीनगर (औरंगाबाद-महाराष्ट्र) को पूरे महाराष्ट्र की पर्यटन राजधानी माना जाता है। यहां विश्व धरोहर अजंता-एलोरा के साथ-साथ बीबी का मकबरा, पनचक्की, दौलताबाद का किला जैसी अन्य ऐतिहासिक धरोहर भी मौजूद हैं जिसके कारण साल दर साल यहां पर्यटकों की संख्या बढ़ती जा रही है। यहां बारहवां ज्योतिर्लिंग घृणेश्वर, शहर के निकट में शिरडी और शनिदेव का सबसे बड़ा तीर्थ स्थल शनि-शिगनापुर होने के कारण भी पर्यटकों की संख्या हमोशा ज्यादा रहती है।

इस शहर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के रूप में मेट्रों रेल शुरू करने की मांग काफी दिनों से की जा रही है। मेट्रो रेल की सेवा शुरू होने से जहां पर्यटकों की संख्या में काफी वृद्धि होगी, वहीं स्थानीय नागरिकों को भी बेहतर परिवहन व्यवस्था मिलेगी। औद्योगिक क्षेत्र वालूज से सेद्रा और बीडकीन को मेट्रो रेल से जोड़ा जाए।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि संभाजीनगर (औरंगाबाद-महाराष्ट्र) में मेट्रो रेल सेवा शुरू कराने के लिए आने वाले बजट में इसका प्रावधान कर तत्काल सर्वे का काम आरंभ करवाया जाए।